1

सिविल सेवा (प्र.) परीक्षा-2017
Civil Services (Prelim) Exam-2017

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**टी. बी. सी. : AMC-U-BKLP** | **परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

क्रम संख्या 1889393

# परीक्षण पुस्तिका

# सामान्य अध्ययन

## प्रश्न-पत्र – I

# A

*समय : दो घण्टे* | *पूर्णांक : 200*

## अनुदेश

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि न हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए ।
2. कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है । किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा ।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर *और कुछ न* लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **100** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए *केवल एक ही* प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर *ही* अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए ।
6. *सभी* प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर *केवल उत्तर-पत्रक* अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं ।
10. **ग़लत उत्तरों के लिए दंड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दंड दिया जाएगा ।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दंड के रूप में काटा जाएगा ।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही, उसी तरह का दंड दिया जाएगा ।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दंड नहीं** दिया जाएगा ।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

***Note :*** English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.



Previous Pathshala

1. भारत की संसद् के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

   1. ग़ैर-सरकारी विधेयक ऐसा विधेयक है जो संसद् के ऐसे सदस्य द्वारा प्रस्तुत किया जाता है जो निर्वाचित नहीं है किन्तु भारत के राष्ट्रपति द्वारा नामनिर्दिष्ट है ।
   2. हाल ही में, भारत की संसद् के इतिहास में पहली बार एक ग़ैर-सरकारी विधेयक पारित किया गया है ।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1, न ही 2

2. ऋग्वेद-कालीन आर्यों और सिन्धु घाटी के लोगों की संस्कृति के बीच अंतर के संबंध में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

   1. ऋग्वेद-कालीन आर्य कवच और शिरस्त्राण (हेलमेट) का उपयोग करते थे जबकि सिन्धु घाटी सभ्यता के लोगों में इनके उपयोग का कोई साक्ष्य नहीं मिलता ।
   2. ऋग्वेद-कालीन आर्यों को स्वर्ण, चाँदी और ताम्र का ज्ञान था जबकि सिन्धु घाटी के लोगों को केवल ताम्र और लोह का ज्ञान था ।
   3. ऋग्वेद-कालीन आर्यों ने घोड़े को पालतू बना लिया था जबकि इस बात का कोई साक्ष्य नहीं है कि सिन्धु घाटी के लोग इस पशु को जानते थे ।

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

   (a) केवल 1
   (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3
   (d) 1, 2 और 3

3. 'पूर्व अधिगम की मान्यता स्कीम (रिकग्निशन ऑफ़ प्रायर लर्निंग स्कीम)' का कभी-कभी समाचारों में किस सन्दर्भ में उल्लेख किया जाता है ?

   (a) निर्माण कार्य में लगे कर्मकारों के पारंपरिक मार्गों से अर्जित कौशल का प्रमाणन
   (b) दूरस्थ अधिगम कार्यक्रमों के लिए विश्वविद्यालयों में व्यक्तियों को पंजीकृत करना
   (c) सार्वजनिक क्षेत्र के कुछ उपक्रमों में ग्रामीण और नगरीय निर्धन लोगों के लिए कुछ कुशल कार्य आरक्षित करना
   (d) राष्ट्रीय कौशल विकास कार्यक्रम के अधीन प्रशिक्षणार्थियों द्वारा अर्जित कौशल का प्रमाणन

4. पारिस्थितिक दृष्टिकोण से, पूर्वी घाटों और पश्चिमी घाटों के बीच एक अच्छा संपर्क होने के रूप में निम्नलिखित में से किसका महत्त्व अधिक है ?

   (a) सत्यमंगलम बाघ आरक्षित क्षेत्र (सत्यमंगलम टाइगर रिज़र्व)
   (b) नल्लामला वन
   (c) नागरहोले राष्ट्रीय उद्यान
   (d) शेषाचलम जीवमण्डल आरक्षित क्षेत्र (शेषाचलम बायोस्फीयर रिज़र्व)

5. समाज में समानता के होने का एक निहितार्थ यह है कि उसमें

   (a) विशेषाधिकारों का अभाव है
   (b) अवरोधों का अभाव है
   (c) प्रतिस्पर्धा का अभाव है
   (d) विचारधारा का अभाव है

6. 'वाणिज्य में प्राणिजात और वनस्पति-जात के व्यापार-संबंधी विश्लेषण (ट्रेड रिलेटेड ऐनालिसिस ऑफ़ फौना ऐंड फ़्लोरा इन कॉमर्स / TRAFFIC)' के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

   1. TRAFFIC, संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) के अंतर्गत एक ब्यूरो है ।
   2. TRAFFIC का मिशन यह सुनिश्चित करना है कि वन्य पादपों और जन्तुओं के व्यापार से प्रकृति के संरक्षण को ख़तरा न हो ।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1, न ही 2

1. With reference to the Parliament of India, consider the following statements :

   1. A private member's bill is a bill presented by a Member of Parliament who is not elected but only nominated by the President of India.

   2. Recently, a private member's bill has been passed in the Parliament of India for the first time in its history.

   Which of the statements given above is/are correct ?

   (a) 1 only

   (b) 2 only

   (c) Both 1 and 2

   (d) Neither 1 nor 2

2. With reference to the difference between the culture of Rigvedic Aryans and Indus Valley people, which of the following statements is/are correct ?

   1. Rigvedic Aryans used the coat of mail and helmet in warfare whereas the people of Indus Valley Civilization did not leave any evidence of using them.

   2. Rigvedic Aryans knew gold, silver and copper whereas Indus Valley people knew only copper and iron.

   3. Rigvedic Aryans had domesticated the horse whereas there is no evidence of Indus Valley people having been aware of this animal.

   Select the correct answer using the code given below :

   (a) 1 only

   (b) 2 and 3 only

   (c) 1 and 3 only

   (d) 1, 2 and 3

3. 'Recognition of Prior Learning Scheme' is sometimes mentioned in the news with reference to

   (a) Certifying the skills acquired by construction workers through traditional channels.

   (b) Enrolling the persons in Universities for distance learning programmes.

   (c) Reserving some skilled jobs to rural and urban poor in some public sector undertakings.

   (d) Certifying the skills acquired by trainees under the National Skill Development Programme.

4. From the ecological point of view, which one of the following assumes importance in being a good link between the Eastern Ghats and the Western Ghats ?

   (a) Sathyamangalam Tiger Reserve

   (b) Nallamala Forest

   (c) Nagarhole National Park

   (d) Seshachalam Biosphere Reserve

5. One of the implications of equality in society is the absence of

   (a) Privileges

   (b) Restraints

   (c) Competition

   (d) Ideology

6. Consider the following statements in respect of Trade Related Analysis of Fauna and Flora in Commerce (TRAFFIC) :

   1. TRAFFIC is a bureau under United Nations Environment Programme (UNEP).

   2. The mission of TRAFFIC is to ensure that trade in wild plants and animals is not a threat to the conservation of nature.

   Which of the above statements is/are correct ?

   (a) 1 only

   (b) 2 only

   (c) Both 1 and 2

   (d) Neither 1 nor 2



Previous Pathshala

7. संविधान के 42वें संशोधन द्वारा, निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धान्त राज्य की नीति के निदेशक तत्त्वों में जोड़ा गया था ?
   (a) पुरुष और स्त्री दोनों के लिए समान कार्य का समान वेतन
   (b) उद्योगों के प्रबन्धन में कामगारों की सहभागिता
   (c) काम, शिक्षा और सार्वजनिक सहायता पाने का अधिकार
   (d) श्रमिकों के लिए निर्वाह-योग्य वेतन एवं काम की मानवीय दशाएँ सुरक्षित करना

8. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है ?
   (a) अधिकार नागरिकों के विरुद्ध राज्य के दावे हैं ।
   (b) अधिकार वे विशेषाधिकार हैं जो किसी राज्य के संविधान में समाविष्ट हैं ।
   (c) अधिकार राज्य के विरुद्ध नागरिकों के दावे हैं ।
   (d) अधिकार अधिकांश लोगों के विरुद्ध कुछ नागरिकों के विशेषाधिकार हैं ।

9. निम्नलिखित में से कौन, विश्व के देशों के लिए 'सार्वभौम लैंगिक अन्तराल सूचकांक (ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स)' का श्रेणीकरण प्रदान करता है ?
   (a) विश्व आर्थिक मंच
   (b) UN मानव अधिकार परिषद्
   (c) UN वूमन
   (d) विश्व स्वास्थ्य संगठन

10. स्मार्ट इण्डिया हैकथॉन 2017 के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?
   1. यह हमारे देश के प्रत्येक शहर को एक दशक में स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए केंद्र द्वारा प्रायोजित एक स्कीम है ।
   2. यह हमारे देश की अनेक समस्याओं का समाधान करने के लिए नई डिजिटल प्रौद्योगिकी नवप्रवर्तनों के अभिज्ञान की एक पहल है ।
   3. यह एक कार्यक्रम है जिसका लक्ष्य एक दशक में हमारे देश में सभी वित्तीय लेन-देनों को पूरी तरह से डिजिटल करना है ।

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
   (a) केवल 1 और 3
   (b) केवल 2
   (c) केवल 3
   (d) केवल 2 और 3

11. मौद्रिक नीति समिति (मोनेटरी पॉलिसी कमिटी / MPC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?
   1. यह RBI की मानक (बेंचमार्क) ब्याज दरों का निर्धारण करती है ।
   2. यह एक 12-सदस्यीय निकाय है जिसमें RBI का गवर्नर शामिल है तथा प्रत्येक वर्ष इसका पुनर्गठन किया जाता है ।
   3. यह केन्द्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में कार्य करती है ।

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
   (a) केवल 1
   (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 3
   (d) केवल 2 और 3

12. मणिपुरी संकीर्तन के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
   1. यह गीत और नृत्य का प्रदर्शन है ।
   2. केवल करताल (सिम्बॅल) ही वह एकमात्र वाद्ययंत्र है जो इस प्रदर्शन में प्रयुक्त होता है ।
   3. यह भगवान कृष्ण के जीवन और लीलाओं को वर्णित करने के लिए प्रदर्शित किया जाता है ।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?
   (a) 1, 2 और 3
   (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 2 और 3
   (d) केवल 1

13. निम्नलिखित में से कौन, ब्रिटिश शासन के दौरान भारत में रैयतवाड़ी बंदोबस्त के प्रारंभ किए जाने से संबद्ध था/थे ?
   1. लॉर्ड कॉर्नवॉलिस
   2. अलेक्ज़ैंडर रीड
   3. थॉमस मुनरो

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
   (a) केवल 1
   (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 2 और 3
   (d) 1, 2 और 3

Previous Pathshala

**7.** Which principle among the following was added to the Directive Principles of State Policy by the $42^{nd}$ Amendment to the Constitution ?

(a) Equal pay for equal work for both men and women
(b) Participation of workers in the management of industries
(c) Right to work, education and public assistance
(d) Securing living wage and human conditions of work to workers

**8.** Which one of the following statements is correct ?

(a) Rights are claims of the State against the citizens.
(b) Rights are privileges which are incorporated in the Constitution of a State.
(c) Rights are claims of the citizens against the State.
(d) Rights are privileges of a few citizens against the many.

**9.** Which of the following gives 'Global Gender Gap Index' ranking to the countries of the world ?

(a) World Economic Forum
(b) UN Human Rights Council
(c) UN Women
(d) World Health Organization

**10.** Which of the following statements is/are correct regarding Smart India Hackathon 2017 ?

1. It is a centrally sponsored scheme for developing every city of our country into Smart Cities in a decade.
2. It is an initiative to identify new digital technology innovations for solving the many problems faced by our country.
3. It is a programme aimed at making all the financial transactions in our country completely digital in a decade.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 3 only
(b) 2 only
(c) 3 only
(d) 2 and 3 only

**11.** Which of the following statements is/are correct regarding the Monetary Policy Committee (MPC) ?

1. It decides the RBI's benchmark interest rates.
2. It is a 12-member body including the Governor of RBI and is reconstituted every year.
3. It functions under the chairmanship of the Union Finance Minister.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 1 and 2 only
(c) 3 only
(d) 2 and 3 only

**12.** With reference to Manipuri Sankirtana, consider the following statements :

1. It is a song and dance performance.
2. Cymbals are the only musical instruments used in the performance.
3. It is performed to narrate the life and deeds of Lord Krishna.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1, 2 and 3
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1 only

**13.** Who among the following was/were associated with the introduction of Ryotwari Settlement in India during the British rule ?

1. Lord Cornwallis
2. Alexander Read
3. Thomas Munro

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

Previous Pathshala

14. प्रदूषण की समस्याओं का समाधान करने के सन्दर्भ में, जैवोपचारण (बायोरेमीडिएशन) तकनीक के कौन-सा/से लाभ है/हैं ?

1. यह प्रकृति में घटित होने वाली जैवनिम्नीकरण प्रक्रिया का ही संवर्धन कर प्रदूषण को स्वच्छ करने की तकनीक है ।
2. कैडमियम और लेड जैसी भारी धातुओं से युक्त किसी भी संदूषक को सूक्ष्मजीवों के प्रयोग से जैवोपचारण द्वारा सहज ही और पूरी तरह उपचारित किया जा सकता है ।
3. जैवोपचारण के लिए विशेषत: अभिकल्पित सूक्ष्मजीवों को सृजित करने के लिए आनुवंशिक इंजीनियरी (जेनेटिक इंजीनियरिंग) का उपयोग किया जा सकता है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

15. 1929 का व्यापार विवाद अधिनियम (ट्रेड डिस्प्यूट्स ऐक्ट) निम्नलिखित में से किसका उपबंध करता है ?

(a) उद्योगों के प्रबंधन में कामगारों की भागीदारी
(b) औद्योगिक झगड़ों के दमन के लिए प्रबन्धन के पास मनमानी करने की शक्ति
(c) व्यापार विवाद की स्थिति में ब्रिटिश न्यायालय द्वारा हस्तक्षेप
(d) अधिकरणों (ट्रिब्यूनल्स) की प्रणाली तथा हड़तालों पर रोक

16. स्थानीय स्वशासन की सर्वोत्तम व्याख्या यह की जा सकती है कि यह एक प्रयोग है

(a) संघवाद का
(b) लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण का
(c) प्रशासकीय प्रत्यायोजन का
(d) प्रत्यक्ष लोकतंत्र का

17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

भारत के संविधान के सन्दर्भ में, राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व

1. विधायिका के कृत्यों पर निर्बन्धन करते हैं ।
2. कार्यपालिका के कृत्यों पर निर्बन्धन करते हैं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

18. समाचारों में आने वाला 'डिजिटल एकल बाज़ार कार्यनीति (डिजिटल सिंगल मार्केट स्ट्रेटेजी)' पद किसे निर्दिष्ट करता है ?

(a) ASEAN को
(b) BRICS को
(c) EU को
(d) G20 को

19. भारत में एक ऐसा स्थान है, जहाँ यदि आप समुद्र किनारे खड़े होकर समुद्र का अवलोकन करें, तो आप पाएँगे कि दिन में दो बार समुद्री जल तटीय रेखा से कुछ किलोमीटर पीछे की ओर चला जाता है और फिर तट पर वापस आता है, और जब जल पीछे हटा होता है, तब आप वास्तव में समुद्र तल पर चल सकते हैं । यह अनूठी घटना कहाँ देखी जाती है ?

(a) भावनगर में
(b) भीमुनिपटनम में
(c) चांदीपुर में
(d) नागपट्टिनम में

20. 'बेनामी संपत्ति लेन-देन का निषेध अधिनियम, 1988 (PBPT अधिनियम)' के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. किसी संपत्ति का लेन-देन बेनामी लेन-देन नहीं समझा जाएगा यदि संपत्ति का मालिक उस लेन-देन के बारे में अवगत नहीं है ।
2. बेनामी पाई गई संपत्तियाँ सरकार द्वारा ज़ब्त किए जाने के लिए दायी होंगी ।
3. यह अधिनियम जाँच के लिए तीन प्राधिकारियों का उपबंध करता है किन्तु यह किसी अपीलीय क्रियाविधि का उपबंध नहीं करता ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 2 और 3

Previous Pathshala

**14.** In the context of solving pollution problems, what is/are the advantage/advantages of bioremediation technique ?

1. It is a technique for cleaning up pollution by enhancing the same biodegradation process that occurs in nature.
2. Any contaminant with heavy metals such as cadmium and lead can be readily and completely treated by bioremediation using microorganisms.
3. Genetic engineering can be used to create microorganisms specifically designed for bioremediation.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

**15.** The Trade Disputes Act of 1929 provided for

(a) the participation of workers in the management of industries.
(b) arbitrary powers to the management to quell industrial disputes.
(c) an intervention by the British Court in the event of a trade dispute.
(d) a system of tribunals and a ban on strikes.

**16.** Local self-government can be best explained as an exercise in

(a) Federalism
(b) Democratic decentralisation
(c) Administrative delegation
(d) Direct democracy

**17.** Consider the following statements :

With reference to the Constitution of India, the Directive Principles of State Policy constitute limitations upon

1. legislative function.
2. executive function.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

**18.** The term 'Digital Single Market Strategy' seen in the news refers to

(a) ASEAN
(b) BRICS
(c) EU
(d) G20

**19.** At one of the places in India, if you stand on the seashore and watch the sea, you will find that the sea water recedes from the shore line a few kilometres and comes back to the shore, twice a day, and you can actually walk on the sea floor when the water recedes. This unique phenomenon is seen at

(a) Bhavnagar
(b) Bheemunipatnam
(c) Chandipur
(d) Nagapattinam

**20.** With reference to the 'Prohibition of Benami Property Transactions Act, 1988 (PBPT Act)', consider the following statements :

1. A property transaction is not treated as a benami transaction if the owner of the property is not aware of the transaction.
2. Properties held benami are liable for confiscation by the Government.
3. The Act provides for three authorities for investigations but does not provide for any appellate mechanism.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) 1 and 3 only
(d) 2 and 3 only



Previous Pathshala

21. कुछ कारणों वश, यदि तितलियों की जाति (स्पीशीज़) की संख्या में बड़ी गिरावट होती है, तो इसका/इसके संभावित परिणाम क्या हो सकता/सकते है/हैं ?

1. कुछ पौधों के परागण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है ।
2. कुछ कृष्य पौधों में कवकीय संक्रमण प्रचण्ड रूप से बढ़ सकता है ।
3. इसके कारण बर्रों, मकड़ियों और पक्षियों की कुछ प्रजातियों की समष्टि में गिरावट हो सकती है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

22. शैवाल आधारित जैव-ईंधनों का उत्पादन संभव है लेकिन इस उद्योग के संवर्धन में विकासशील देशों की क्या संभावित सीमा/सीमाएँ है/हैं ?

1. शैवाल आधारित जैव-ईंधनों का उत्पादन केवल समुद्रों में ही संभव है, महाद्वीपों पर नहीं ।
2. शैवाल आधारित जैव-ईंधन उत्पादन को स्थापित करने और इंजीनियरी करने हेतु निर्माण पूरा होने तक उच्च स्तरीय विशेषज्ञता/प्रौद्योगिकी की ज़रूरत होती है ।
3. आर्थिक रूप से व्यवहार्य उत्पादन के लिए बड़े पैमाने पर सुविधाओं की स्थापना की आवश्यकता होती है जिससे पारिस्थितिक एवं सामाजिक सरोकार उत्पन्न हो सकते हैं ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

23. निम्नलिखित में से कौन-से 'राष्ट्रीय पोषण मिशन (नेशनल न्यूट्रिशन मिशन)' के उद्देश्य हैं ?

1. गर्भवती महिलाओं तथा स्तनपान कराने वाली माताओं में कुपोषण से संबंधी जागरूकता उत्पन्न करना ।
2. छोटे बच्चों, किशोरियों तथा महिलाओं में रक्ताल्पता की घटना को कम करना ।
3. बाजरा, मोटा अनाज तथा अपरिष्कृत चावल के उपभोग को बढ़ाना ।
4. मुर्गी के अंडों के उपभोग को बढ़ाना ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 1, 2 और 4
(d) केवल 3 और 4

24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. फैक्टरी ऐक्ट, 1881 औद्योगिक कामगारों की मज़दूरी नियत करने के लिए और कामगारों को मज़दूर संघ बनाने देने की दृष्टि से पारित किया गया था ।
2. एन.एम. लोखंडे ब्रिटिश भारत में मज़दूर आन्दोलन संगठित करने में अग्रगामी थे ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

25. कार्बन डाइऑक्साइड के मानवोद्भवी उत्सर्जनों के कारण आसन्न भूमंडलीय तापन के न्यूनीकरण के सन्दर्भ में, कार्बन प्रच्छादन हेतु निम्नलिखित में से कौन-सा/से संभावित स्थान हो सकता/सकते है/हैं ?

1. परित्यक्त एवं ग़ैर-लाभकारी कोयला संस्तर
2. निःशेष तेल एवं गैस भण्डार
3. भूमिगत गभीर लवणीय शैलसमूह

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

21. Due to some reasons, if there is a huge fall in the population of species of butterflies, what could be its likely consequence/consequences ?

1. Pollination of some plants could be adversely affected.
2. There could be a drastic increase in the fungal infections of some cultivated plants.
3. It could lead to a fall in the population of some species of wasps, spiders and birds.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

22. It is possible to produce algae based biofuels, but what is/are the likely limitation(s) of developing countries in promoting this industry ?

1. Production of algae based biofuels is possible in seas only and not on continents.
2. Setting up and engineering the algae based biofuel production requires high level of expertise/technology until the construction is completed.
3. Economically viable production necessitates the setting up of large scale facilities which may raise ecological and social concerns.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 3 only
(d) 1, 2 and 3

23. Which of the following are the objectives of 'National Nutrition Mission' ?

1. To create awareness relating to malnutrition among pregnant women and lactating mothers.
2. To reduce the incidence of anaemia among young children, adolescent girls and women.
3. To promote the consumption of millets, coarse cereals and unpolished rice.
4. To promote the consumption of poultry eggs.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 1, 2 and 3 only
(c) 1, 2 and 4 only
(d) 3 and 4 only

24. Consider the following statements :

1. The Factories Act, 1881 was passed with a view to fix the wages of industrial workers and to allow the workers to form trade unions.
2. N.M. Lokhande was a pioneer in organizing the labour movement in British India.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

25. In the context of mitigating the impending global warming due to anthropogenic emissions of carbon dioxide, which of the following can be the potential sites for carbon sequestration ?

1. Abandoned and uneconomic coal seams
2. Depleted oil and gas reservoirs
3. Subterranean deep saline formations

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3



Previous Pathshala

26. 1927 की बटलर कमेटी का उद्देश्य था

(a) केन्द्रीय एवं प्रांतीय सरकारों की अधिकारिता निश्चित करना ।

(b) भारत के सेक्रेटरी ऑफ़ स्टेट की शक्तियाँ निश्चित करना ।

(c) राष्ट्रवादी प्रेस पर सेंसर-व्यवस्था अधिरोपित करना ।

(d) भारत सरकार एवं देशी रियासतों के बीच सम्बन्ध सुधारना ।

27. कभी-कभी समाचारों में दिखाई पड़ने वाले 'घरेलू अंश आवश्यकता (डोमेस्टिक कन्टेंट रिक्वायरमेंट)' पद का संबंध किससे है ?

(a) हमारे देश में सौर शक्ति उत्पादन का विकास करने से

(b) हमारे देश में विदेशी टी.वी. चैनलों को अनुज्ञप्ति प्रदान करने से

(c) हमारे देश के खाद्य उत्पादों को अन्य देशों को निर्यात करने से

(d) विदेशी शिक्षा संस्थाओं को हमारे देश में अपने परिसर स्थापित करने की अनुमति देने से

28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. परमाणु सुरक्षा शिखर-सम्मेलन, संयुक्त राष्ट्र के तत्त्वावधान में आवधिक रूप से किए जाते हैं ।

2. विखंडनीय सामग्रियों पर अंतर्राष्ट्रीय पैनल अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा अभिकरण का एक अंग है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

29. निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) में सम्मिलित हो सकता है ?

(a) केवल निवासी भारतीय नागरिक

(b) केवल 21 से 55 तक की आयु के व्यक्ति

(c) राज्य सरकारों के सभी कर्मचारी, जो संबंधित राज्य सरकारों द्वारा अधिसूचना किए जाने की तारीख के पश्चात् सेवा में आए हैं

(d) सशस्त्र बलों समेत केंद्र सरकार के सभी कर्मचारी, जो 1 अप्रैल, 2004 को या उसके बाद सेवाओं में आए हैं

30. तीस्ता नदी के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. तीस्ता नदी का उद्गम वही है जो ब्रह्मपुत्र का है लेकिन यह सिक्किम से होकर बहती है ।

2. रंगीत नदी की उत्पत्ति सिक्किम में होती है और यह तीस्ता नदी की एक सहायक नदी है ।

3. तीस्ता नदी, भारत एवं बांग्लादेश की सीमा पर बंगाल की खाड़ी में जा मिलती है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 3

(b) केवल 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. उष्णकटिबंधीय प्रदेशों में, ज़ीका वाइरस रोग उसी मच्छर द्वारा संचरित होता है जिससे डेंगू संचरित होता है ।

2. ज़ीका वाइरस रोग का लैंगिक संचरण होना संभव है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2



Previous Pathshala

26. The object of the Butler Committee of 1927 was to

(a) Define the jurisdiction of the Central and Provincial Governments.

(b) Define the powers of the Secretary of State for India.

(c) Impose censorship on national press.

(d) Improve the relationship between the Government of India and the Indian States.

27. The term 'Domestic Content Requirement' is sometimes seen in the news with reference to

(a) Developing solar power production in our country

(b) Granting licences to foreign T.V. channels in our country

(c) Exporting our food products to other countries

(d) Permitting foreign educational institutions to set up their campuses in our country

28. Consider the following statements :

1. The Nuclear Security Summits are periodically held under the aegis of the United Nations.

2. The International Panel on Fissile Materials is an organ of International Atomic Energy Agency.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

29. Who among the following can join the National Pension System (NPS) ?

(a) Resident Indian citizens only

(b) Persons of age from 21 to 55 only

(c) All State Government employees joining the services after the date of notification by the respective State Governments

(d) All Central Government employees including those of Armed Forces joining the services on or after 1st April, 2004

30. With reference to river Teesta, consider the following statements :

1. The source of river Teesta is the same as that of Brahmaputra but it flows through Sikkim.

2. River Rangeet originates in Sikkim and it is a tributary of river Teesta.

3. River Teesta flows into Bay of Bengal on the border of India and Bangladesh.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 and 3 only

(b) 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

31. Consider the following statements :

1. In tropical regions, Zika virus disease is transmitted by the same mosquito that transmits dengue.

2. Sexual transmission of Zika virus disease is possible.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2



Previous Pathshala

32. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. मोटर वाहनों के टायरों और ट्यूबों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) का मानक चिह्न अनिवार्य है ।
2. AGMARK, खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) द्वारा जारी एक गुणता प्रमाणन चिह्न है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

33. 'राष्ट्रीय कृषि बाज़ार (नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट)' स्कीम को क्रियान्वित करने का/के क्या लाभ है/हैं ?

1. यह कृषि वस्तुओं के लिए सर्व-भारतीय इलेक्ट्रॉनिक व्यापार पोर्टल है ।
2. यह कृषकों के लिए राष्ट्रव्यापी बाज़ार सुलभ कराता है जिसमें उनके उत्पाद की गुणता के अनुरूप कीमत मिलती है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

34. 'राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा अधिकार नीति (नेशनल इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स पॉलिसी)' के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह दोहा विकास एजेंडा और TRIPS समझौते के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराता है ।
2. औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग भारत में बौद्धिक सम्पदा अधिकारों के विनियमन के लिए, केन्द्रक अभिकरण (नोडल एजेन्सी) है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

35. वन्यजीव (सुरक्षा) अधिनियम, 1972 के अनुसार, किसी व्यक्ति द्वारा, विधि द्वारा किए गए कतिपय उपबंधों के अधीन होने के सिवाय, निम्नलिखित में से कौन-सा/से प्राणी का शिकार ***नहीं*** किया जा सकता ?

1. घड़ियाल
2. भारतीय जंगली गधा
3. जंगली भैंस

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

36. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से भारतीय नागरिक के मूल कर्तव्यों के विषय में सही है/हैं ?

1. इन कर्तव्यों को प्रवर्तित करने के लिए एक विधायी प्रक्रिया दी गई है ।
2. वे विधिक कर्तव्यों के साथ परस्पर संबंधित हैं ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

37. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

1. राधाकांत देब — ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन के प्रथम अध्यक्ष
2. गजुलु लक्ष्मीनरसु चेट्टी — मद्रास महाजन सभा के संस्थापक
3. सुरेन्द्रनाथ बनर्जी — इंडियन एसोसिएशन के संस्थापक

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**32.** Consider the following statements :

1. The Standard Mark of Bureau of Indian Standards (BIS) is mandatory for automotive tyres and tubes.
2. AGMARK is a quality Certification Mark issued by the Food and Agriculture Organisation (FAO).

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

**33.** What is/are the advantage/advantages of implementing the 'National Agriculture Market' scheme ?

1. It is a pan-India electronic trading portal for agricultural commodities.
2. It provides the farmers access to nationwide market, with prices commensurate with the quality of their produce.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

**34.** With reference to the 'National Intellectual Property Rights Policy', consider the following statements :

1. It reiterates India's commitment to the Doha Development Agenda and the TRIPS Agreement.
2. Department of Industrial Policy and Promotion is the nodal agency for regulating intellectual property rights in India.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

**35.** According to the Wildlife (Protection) Act, 1972, which of the following animals ***cannot*** be hunted by any person except under some provisions provided by law ?

1. Gharial
2. Indian wild ass
3. Wild buffalo

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

**36.** Which of the following statements is/are true of the Fundamental Duties of an Indian citizen ?

1. A legislative process has been provided to enforce these duties.
2. They are correlative to legal duties.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

**37.** Consider the following pairs :

1. Radhakanta Deb — First President of the British Indian Association
2. Gazulu Lakshminarasu Chetty — Founder of the Madras Mahajana Sabha
3. Surendranath Banerjee — Founder of the Indian Association

Which of the above pairs is/are correctly matched ?

(a) 1 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

38. निम्नलिखित उद्देश्यों में से कौन-सा एक भारत के संविधान की उद्देशिका में सन्निविष्ट ***नहीं*** है ?

(a) विचार की स्वतंत्रता

(b) आर्थिक स्वतंत्रता

(c) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता

(d) विश्वास की स्वतंत्रता

39. 'भारतीय गुणता परिषद् (QCI)' के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. QCI का गठन, भारत सरकार तथा भारतीय उद्योग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था ।
2. QCI के अध्यक्ष की नियुक्ति, उद्योग द्वारा सरकार को की गई संस्तुतियों पर, प्रधान मंत्री द्वारा की जाती है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

40. भारत में लघु वित्त बैंकों (SFBs) को स्थापित करने का क्या प्रयोजन है ?

1. लघु व्यवसाय इकाइयों को ऋण की पूर्ति करना
2. लघु और सीमांत कृषकों को ऋण की पूर्ति करना
3. युवा उद्यमियों को विशेषत: ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापार स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

41. 'आवास और शहरी विकास पर एशिया पैसिफिक मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (APMCHUD)', के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. प्रथम APMCHUD भारत में 2006 में संपन्न हुआ, जिसका विषय 'उभरते शहरी रूप — नीति प्रतिक्रियाएँ और शासन संरचना' था ।
2. भारत सभी वार्षिक मंत्रिस्तरीय सम्मेलनों की मेज़बानी, ADB, APEC और ASEAN की सहभागिता से करता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

42. लोकतंत्र का उत्कृष्ट गुण यह है कि वह क्रियाशील बनाता है

(a) साधारण पुरुषों और महिलाओं की बुद्धि और चरित्र को ।

(b) कार्यपालक नेतृत्व को सशक्त बनाने वाली पद्धतियों को ।

(c) गतिशीलता और दूरदर्शिता से युक्त एक बेहतर व्यक्ति को ।

(d) समर्पित दलीय कार्यकर्ताओं के एक समूह को ।

43. 'एकीकृत भुगतान अंतरापृष्ठ (यूनिफाइड पेमेंट्स इन्टरफेस/UPI)' को कार्यान्वित करने से निम्नलिखित में से किसके होने की सर्वाधिक संभाव्यता है ?

(a) ऑनलाइन भुगतानों के लिए मोबाइल वालेट आवश्यक नहीं होंगे ।

(b) लगभग दो दशकों में पूरी तरह भौतिक मुद्रा का स्थान डिजिटल मुद्रा ले लेगी ।

(c) FDI अंतर्वाह में भारी वृद्धि होगी ।

(d) निर्धन व्यक्तियों को उपदानों (सब्सिडीज़) का प्रत्यक्ष अंतरण (डाइरेक्ट ट्रांसफ़र) बहुत प्रभावकारी हो जाएगा ।



Previous Pathshala

38. Which one of the following objectives is ***not*** embodied in the Preamble to the Constitution of India ?

(a) Liberty of thought

(b) Economic liberty

(c) Liberty of expression

(d) Liberty of belief

39. With reference to 'Quality Council of India (QCI)', consider the following statements :

1. QCI was set up jointly by the Government of India and the Indian Industry.

2. Chairman of QCI is appointed by the Prime Minister on the recommendations of the industry to the Government.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

40. What is the purpose of setting up of Small Finance Banks (SFBs) in India ?

1. To supply credit to small business units

2. To supply credit to small and marginal farmers

3. To encourage young entrepreneurs to set up business particularly in rural areas.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

41. With reference to 'Asia Pacific Ministerial Conference on Housing and Urban Development (APMCHUD)', consider the following statements :

1. The first APMCHUD was held in India in 2006 on the theme 'Emerging Urban Forms — Policy Responses and Governance Structure'.

2. India hosts all the Annual Ministerial Conferences in partnership with ADB, APEC and ASEAN.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

42. Democracy's superior virtue lies in the fact that it calls into activity

(a) the intelligence and character of ordinary men and women.

(b) the methods for strengthening executive leadership.

(c) a superior individual with dynamism and vision.

(d) a band of dedicated party workers.

43. Which of the following is a most likely consequence of implementing the 'Unified Payments Interface (UPI)' ?

(a) Mobile wallets will not be necessary for online payments.

(b) Digital currency will totally replace the physical currency in about two decades.

(c) FDI inflows will drastically increase.

(d) Direct transfer of subsidies to poor people will become very effective.

44. कभी-कभी समाचारों में 'इवेंट होराइजन', 'सिंगुलैरिटी', 'स्ट्रिंग थियरी' और 'स्टैण्डर्ड मॉडल' जैसे शब्द, किस सन्दर्भ में आते हैं ?

(a) ब्रह्माण्ड का प्रेक्षण और बोध

(b) सूर्य और चन्द्र ग्रहणों का अध्ययन

(c) पृथ्वी की कक्षा में उपग्रहों का स्थापन

(d) पृथ्वी पर जीवित जीवों की उत्पत्ति और क्रमविकास

45. भारत में कृषि के संदर्भ में, प्राय: समाचारों में आने वाले 'जीनोम अनुक्रमण (जीनोम सीक्वेंसिंग)' की तकनीक का आसन्न भविष्य में किस प्रकार उपयोग किया जा सकता है ?

1. विभिन्न फ़सली पौधों में रोग प्रतिरोध और सूखा सहिष्णुता के लिए आनुवंशिक सूचकों का अभिज्ञान करने के लिए जीनोम अनुक्रमण का उपयोग किया जा सकता है ।
2. यह तकनीक, फ़सली पौधों की नई किस्मों को विकसित करने में लगने वाले आवश्यक समय को घटाने में मदद करती है ।
3. इसका प्रयोग, फ़सलों में पोषी-रोगाणु सम्बन्धों को समझने के लिए किया जा सकता है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

46. संसदीय स्वरूप के शासन का प्रमुख लाभ यह है कि

(a) कार्यपालिका और विधानमण्डल दोनों स्वतंत्र रूप से कार्य करते हैं ।

(b) यह नीति की निरन्तरता प्रदान करता है और यह अधिक दक्ष है ।

(c) कार्यपालिका, विधानमण्डल के प्रति उत्तरदायी बना रहता है ।

(d) सरकार के अध्यक्ष को निर्वाचन के बिना नहीं बदला जा सकता ।

47. भारत के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा अधिकारों और कर्तव्यों के बीच सही संबंध है ?

(a) अधिकार कर्तव्यों के साथ सह-संबंधित हैं ।

(b) अधिकार व्यक्तिगत हैं अत: समाज और कर्तव्यों से स्वतंत्र हैं ।

(c) नागरिक के व्यक्तित्व के विकास के लिए अधिकार, न कि कर्तव्य, महत्त्वपूर्ण हैं ।

(d) राज्य के स्थायित्व के लिए कर्तव्य, न कि अधिकार, महत्त्वपूर्ण हैं ।

48. भारत के संविधान के निर्माताओं का मत निम्नलिखित में से किसमें प्रतिबिंबित होता है ?

(a) उद्देशिका

(b) मूल अधिकार

(c) राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व

(d) मूल कर्तव्य

49. यदि आप कोहिमा से कोट्टयम की यात्रा सड़क मार्ग से करते हैं, तो आपको मूल स्थान और गंतव्य स्थान को मिलाकर भारत के अन्दर कम-से-कम कितने राज्यों में से होकर गुज़रना होगा ?

(a) 6

(b) 7

(c) 8

(d) 9

50. भारत की संसद् किसके / किनके द्वारा मंत्रिपरिषद् के कृत्यों के ऊपर नियंत्रण रखती है ?

1. स्थगन प्रस्ताव
2. प्रश्न काल
3. अनुपूरक प्रश्न

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

44. The terms 'Event Horizon', 'Singularity', 'String Theory' and 'Standard Model' are sometimes seen in the news in the context of

(a) Observation and understanding of the Universe

(b) Study of the solar and the lunar eclipses

(c) Placing satellites in the orbit of the Earth

(d) Origin and evolution of living organisms on the Earth

45. With reference to agriculture in India, how can the technique of 'genome sequencing', often seen in the news, be used in the immediate future ?

1. Genome sequencing can be used to identify genetic markers for disease resistance and drought tolerance in various crop plants.

2. This technique helps in reducing the time required to develop new varieties of crop plants.

3. It can be used to decipher the host-pathogen relationships in crops.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

46. The main advantage of the parliamentary form of government is that

(a) the executive and legislature work independently.

(b) it provides continuity of policy and is more efficient.

(c) the executive remains responsible to the legislature.

(d) the head of the government cannot be changed without election.

47. In the context of India, which one of the following is the correct relationship between Rights and Duties ?

(a) Rights are correlative with Duties.

(b) Rights are personal and hence independent of society and Duties.

(c) Rights, not Duties, are important for the advancement of the personality of the citizen.

(d) Duties, not Rights, are important for the stability of the State.

48. The mind of the makers of the Constitution of India is reflected in which of the following ?

(a) The Preamble

(b) The Fundamental Rights

(c) The Directive Principles of State Policy

(d) The Fundamental Duties

49. If you travel by road from Kohima to Kottayam, what is the minimum number of States within India through which you can travel, including the origin and the destination ?

(a) 6

(b) 7

(c) 8

(d) 9

50. The Parliament of India exercises control over the functions of the Council of Ministers through

1. Adjournment motion

2. Question hour

3. Supplementary questions

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

51. निम्नलिखित में से कौन-सा एक काकतीय राज्य में अतिमहत्त्वपूर्ण समुद्र-पत्तन था ?

(a) काकिनाडा

(b) मोटुपल्ली

(c) मछलीपटनम (मसुलीपटनम)

(d) नेल्लुरु

52. 'भूमंडलीय जलवायु परिवर्तन सन्धि (ग्लोबल क्लाइमेट चेंज एलाएन्स)' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. यह यूरोपीय संघ की पहल है ।
2. यह लक्ष्याधीन विकासशील देशों को उनकी विकास नीतियों और बजटों में जलवायु परिवर्तन के एकीकरण हेतु तकनीकी एवं वित्तीय सहायता प्रदान करता है ।
3. इसका समन्वय विश्व संसाधन संस्थान (WRI) और धारणीय विकास हेतु विश्व व्यापार परिषद् (WBCSD) द्वारा किया जाता है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

53. भारत के धार्मिक इतिहास के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सौत्रान्तिक और सम्मितीय जैन मत के सम्प्रदाय थे ।
2. सर्वास्तिवादियों की मान्यता थी कि दृग्विषय (फिनोमिना) के अवयव पूर्णत: क्षणिक नहीं हैं, अपितु अव्यक्त रूप में सदैव विद्यमान रहते हैं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

54. भूमध्यसागर, निम्नलिखित में से किन देशों की सीमा है ?

1. जॉर्डन
2. इराक
3. लेबनान
4. सीरिया

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 3 और 4

(d) केवल 1, 3 और 4

55. 'राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना निधि' के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. यह नीति (NITI) आयोग का एक अंग है ।
2. वर्तमान में इसकी कॉर्पस ₹ 4,00,000 करोड़ है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

56. सार्वभौम अवसंरचना सुविधा (ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर फैसिलिटी)

(a) एशिया में अवसंरचना के उन्नयन के लिए ASEAN का उपक्रमण है, जो एशियाई विकास बैंक द्वारा दिए गए साख (क्रेडिट) से वित्तपोषित है ।

(b) ग़ैर-सरकारी क्षेत्रक और संस्थागत निवेशकों की पूँजी का संग्रहण कर सकने के लिए विश्व बैंक का सहयोग है, जो जटिल अवसंरचना सरकारी-ग़ैर-सरकारी भागीदारियों (PPPs) की तैयारी और संरचना-निर्माण को सुकर बनाता है ।

(c) OECD के साथ कार्य करने वाले विश्व के प्रमुख बैंकों का सहयोग है, जो उन अवसंरचना परियोजनाओं को विस्तारित करने पर केन्द्रित है जिनमें ग़ैर-सरकारी विनिवेश संग्रहीत करने की क्षमता है ।

(d) UNCTAD द्वारा वित्तपोषित उपक्रमण है जो विश्व में अवसंरचना के विकास को वित्तपोषित करने और सुकर बनाने का प्रयास करता है ।

**51.** Which one of the following was a very important seaport in the Kakatiya kingdom ?

(a) Kakinada

(b) Motupalli

(c) Machilipatnam (Masulipatnam)

(d) Nelluru

**52.** With reference to 'Global Climate Change Alliance', which of the following statements is/are correct?

1. It is an initiative of the European Union.
2. It provides technical and financial support to targeted developing countries to integrate climate change into their development policies and budgets.
3. It is coordinated by World Resources Institute (WRI) and World Business Council for Sustainable Development (WBCSD).

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**53.** With reference to the religious history of India, consider the following statements :

1. Sautrantika and Sammitiya were the sects of Jainism.
2. Sarvastivadin held that the constituents of phenomena were not wholly momentary, but existed forever in a latent form.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**54.** Mediterranean Sea is a border of which of the following countries ?

1. Jordan
2. Iraq
3. Lebanon
4. Syria

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3 only

(b) 2 and 3 only

(c) 3 and 4 only

(d) 1, 3 and 4 only

**55.** With reference to 'National Investment and Infrastructure Fund', which of the following statements is/are correct ?

1. It is an organ of NITI Aayog.
2. It has a corpus of ₹ 4,00,000 crore at present.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**56.** The Global Infrastructure Facility is a/an

(a) ASEAN initiative to upgrade infrastructure in Asia and financed by credit from the Asian Development Bank.

(b) World Bank collaboration that facilitates the preparation and structuring of complex infrastructure Public-Private Partnerships (PPPs) to enable mobilization of private sector and institutional investor capital.

(c) Collaboration among the major banks of the world working with the OECD and focused on expanding the set of infrastructure projects that have the potential to mobilize private investment.

(d) UNCTAD funded initiative that seeks to finance and facilitate infrastructure development in the world.

57. लोक सभा के निर्वाचन के लिए नामांकन-पत्र

(a) भारत में निवास करने वाले किसी भी व्यक्ति द्वारा दाखिल किया जा सकता है ।

(b) जिस निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन लड़ा जाना है, वहाँ के किसी निवासी द्वारा दाखिल किया जा सकता है ।

(c) भारत के किसी नागरिक द्वारा, जिसका नाम किसी निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता-सूची में है, दाखिल किया जा सकता है ।

(d) भारत के किसी भी नागरिक द्वारा दाखिल किया जा सकता है ।

58. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत में, हिमालय केवल पाँच राज्यों में फैला हुआ है ।
2. पश्चिमी घाट केवल पाँच राज्यों में फैले हुए हैं ।
3. पुलिकट झील केवल दो राज्यों में फैली हुई है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 1 और 3

59. जैव ऑक्सीजन माँग (BOD) किसके लिए एक मानक मापदंड है ?

(a) रक्त में ऑक्सीजन स्तर मापने के लिए

(b) वन पारिस्थितिक तंत्रों में ऑक्सीजन स्तरों के अभिकलन के लिए

(c) जलीय पारिस्थितिक तंत्रों में प्रदूषण के आमापन के लिए

(d) उच्च तुंगता क्षेत्रों में ऑक्सीजन स्तरों के आकलन के लिए

60. बेहतर नगरीय भविष्य की दिशा में कार्यरत संयुक्त राष्ट्र कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र पर्यावास (UN-Habitat) की भूमिका के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं ?

1. संयुक्त राष्ट्र महासभा के द्वारा संयुक्त राष्ट्र पर्यावास को आज्ञापित किया गया है कि वह सामाजिक एवं पर्यावरणीय दृष्टि से धारणीय ऐसे कस्बों और शहरों को संवर्धित करे जो सभी को पर्याप्त आश्रय प्रदान करते हों ।
2. इसके साझीदार सिर्फ़ सरकारें या स्थानीय नगर प्राधिकरण ही हैं ।
3. संयुक्त राष्ट्र पर्यावास, सुरक्षित पेय जल व आधारभूत स्वच्छता तक पहुँच बढ़ाने और ग़रीबी कम करने के लिए संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था के समग्र उद्देश्य में योगदान करता है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 1

61. 'राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (NSQF)' के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. NSQF के अधीन, शिक्षार्थी सक्षमता का प्रमाणपत्र केवल औपचारिक शिक्षा के माध्यम से ही प्राप्त कर सकता है ।
2. NSQF के क्रियान्वयन का एक प्रत्याशित परिणाम व्यावसायिक और सामान्य शिक्षा के मध्य संचरण है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

57. For election to the Lok Sabha, a nomination paper can be filed by

(a) anyone residing in India.

(b) a resident of the constituency from which the election is to be contested.

(c) any citizen of India whose name appears in the electoral roll of a constituency.

(d) any citizen of India.

58. Consider the following statements :

1. In India, the Himalayas are spread over five States only.

2. Western Ghats are spread over five States only.

3. Pulicat Lake is spread over two States only.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1 and 3 only

59. Biological Oxygen Demand (BOD) is a standard criterion for

(a) Measuring oxygen levels in blood

(b) Computing oxygen levels in forest ecosystems

(c) Pollution assay in aquatic ecosystems

(d) Assessing oxygen levels in high altitude regions

60. With reference to the role of UN-Habitat in the United Nations programme working towards a better urban future, which of the statements is/are correct ?

1. UN-Habitat has been mandated by the United Nations General Assembly to promote socially and environmentally sustainable towns and cities to provide adequate shelter for all.

2. Its partners are either governments or local urban authorities only.

3. UN-Habitat contributes to the overall objective of the United Nations system to reduce poverty and to promote access to safe drinking water and basic sanitation.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1 only

61. With reference to 'National Skills Qualification Framework (NSQF)', which of the statements given below is/are correct ?

1. Under NSQF, a learner can acquire the certification for competency only through formal learning.

2. An outcome expected from the implementation of NSQF is the mobility between vocational and general education.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

62. भारतीय इतिहास के सन्दर्भ में, 'द्वैध शासन (डायआर्की)' सिद्धान्त किसे निर्दिष्ट करता है ?

(a) केन्द्रीय विधानमण्डल का दो सदनों में विभाजन ।

(b) दो सरकारों, अर्थात् केन्द्रीय और राज्य सरकारों का शुरू किया जाना ।

(c) दो शासक-समुच्चय; एक लन्दन में और दूसरा दिल्ली में होना ।

(d) प्रान्तों को प्रत्यायोजित विषयों का दो प्रवर्गों में विभाजन ।

63. 'नेशनल करियर सर्विस' के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. नेशनल करियर सर्विस, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार, का एक उपक्रमण है ।

2. नेशनल करियर सर्विस को देश के अशिक्षित युवाओं के लिए रोज़गार के अवसर के संवर्धन के लिए मिशन के रूप में प्रारंभ किया गया है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

64. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा हाल ही में समाचारों में आए 'दबावयुक्त परिसम्पत्तियों के धारणीय संरचन पद्धति (स्कीम फ़ॉर सस्टेनेबल स्ट्रक्चरिंग ऑफ़ स्ट्रेस्ड एसेट्स/S4A)' का सर्वोत्कृष्ट वर्णन करता है ?

(a) यह सरकार द्वारा निरूपित विकासपरक योजनाओं की पारिस्थितिकीय क़ीमतों पर विचार करने की पद्धति है ।

(b) यह वास्तविक कठिनाइयों का सामना कर रही बड़ी कॉर्पोरेट इकाइयों की वित्तीय संरचना के पुनर्संरचन के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक की स्कीम है ।

(c) यह केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के बारे में सरकार की विनिवेश योजना है ।

(d) यह सरकार द्वारा हाल ही में क्रियान्वित 'इंसॉल्वेंसी ऐंड बैंकरप्ट्सी कोड' का एक महत्त्वपूर्ण उपबंध है ।

65. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अल्पजीवी जलवायु प्रदूषकों को न्यूनीकृत करने हेतु जलवायु एवं स्वच्छ वायु गठबंधन (CCAC), G20 समूह के देशों की एक अनोखी पहल है ।

2. CCAC मेथैन, काला कार्बन एवं हाइड्रोफ्लुओरोकार्बनों पर केंद्रित करता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

66. भारतीय मानसून का पूर्वानुमान करते समय कभी-कभी समाचारों में उल्लिखित 'इंडियन ओशन डाइपोल (IOD)' के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. IOD परिघटना, उष्णकटिबंधीय पश्चिमी हिंद महासागर एवं उष्णकटिबंधीय पूर्वी प्रशांत महासागर के बीच सागर-पृष्ठ तापमान के अंतर से विशेषित होती है ।

2. IOD परिघटना मानसून पर एल-नीनो के असर को प्रभावित कर सकती है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

67. यदि आप घड़ियाल को उनके प्राकृतिक आवास में देखना चाहते हैं, तो निम्नलिखित में से किस स्थान पर जाना सबसे सही है ?

(a) भितरकणिका मैन्ग्रोव

(b) चम्बल नदी

(c) पुलिकट झील

(d) दीपर बील

62. In the context of Indian history, the principle of 'Dyarchy (diarchy)' refers to
   (a) Division of the central legislature into two houses.
   (b) Introduction of double government i.e., Central and State governments.
   (c) Having two sets of rulers; one in London and another in Delhi.
   (d) Division of the subjects delegated to the provinces into two categories.

63. Consider the following in respect of 'National Career Service' :
   1. National Career Service is an initiative of the Department of Personnel and Training, Government of India.
   2. National Career Service has been launched in a Mission Mode to improve the employment opportunities to uneducated youth of the country.

   Which of the above statements is/are correct ?
   (a) 1 only
   (b) 2 only
   (c) Both 1 and 2
   (d) Neither 1 nor 2

64. Which of the following statements best describes the term 'Scheme for Sustainable Structuring of Stressed Assets (S4A)', recently seen in the news ?
   (a) It is a procedure for considering ecological costs of developmental schemes formulated by the Government.
   (b) It is a scheme of RBI for reworking the financial structure of big corporate entities facing genuine difficulties.
   (c) It is a disinvestment plan of the Government regarding Central Public Sector Undertakings.
   (d) It is an important provision in 'The Insolvency and Bankruptcy Code' recently implemented by the Government.

65. Consider the following statements :
   1. Climate and Clean Air Coalition (CCAC) to Reduce Short Lived Climate Pollutants is a unique initiative of G20 group of countries.
   2. The CCAC focuses on methane, black carbon and hydrofluorocarbons.

   Which of the statements given above is/are correct ?
   (a) 1 only
   (b) 2 only
   (c) Both 1 and 2
   (d) Neither 1 nor 2

66. With reference to 'Indian Ocean Dipole (IOD)' sometimes mentioned in the news while forecasting Indian monsoon, which of the following statements is/are correct ?
   1. IOD phenomenon is characterised by a difference in sea surface temperature between tropical Western Indian Ocean and tropical Eastern Pacific Ocean.
   2. An IOD phenomenon can influence an El Nino's impact on the monsoon.

   Select the correct answer using the code given below :
   (a) 1 only
   (b) 2 only
   (c) Both 1 and 2
   (d) Neither 1 nor 2

67. If you want to see gharials in their natural habitat, which one of the following is the best place to visit ?
   (a) Bhitarkanika Mangroves
   (b) Chambal River
   (c) Pulicat Lake
   (d) Deepor Beel

68. हिंद महासागर नौसैनिक परिसंवाद (सिम्पोज़ियम) (IONS) के संबंध में निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. प्रारंभी (इनॉगुरल) IONS भारत में 2015 में भारतीय नौसेना की अध्यक्षता में हुआ था ।
2. IONS एक स्वैच्छिक पहल है जो हिंद महासागर क्षेत्र के समुद्रतटवर्ती देशों (स्टेट्स) की नौसेनाओं के बीच समुद्री सहयोग को बढ़ाना चाहता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

69. बोधिसत्त्व पद्मपाणि का चित्र सर्वाधिक प्रसिद्ध और प्राय:चित्रित चित्रकारी है, जो

(a) अजंता में है
(b) बदामी में है
(c) बाघ में है
(d) एलोरा में है

70. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | *परम्पराएँ* | | *समुदाय* |
|---|---|---|---|
| 1. | चलिहा साहिब उत्सव | – | सिंधियों का |
| 2. | नन्दा राज जात यात्रा | – | गोंडों का |
| 3. | वारी-वारकरी | – | संथालों का |

ऊपर दिए गए युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

71. निम्नलिखित पद्धतियों में से कौन-सी कृषि में जल संरक्षण में सहायता कर सकती है/हैं ?

1. भूमि की कम या शून्य जुताई
2. खेत में सिंचाई के पूर्व जिप्सम का प्रयोग
3. फ़सल अवशेष को खेत में ही रहने देना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

72. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

राष्ट्रव्यापी 'मृदा स्वास्थ्य कार्ड स्कीम (सॉइल हेल्थ कार्ड स्कीम)' का उद्देश्य है

1. सिंचित कृषियोग्य क्षेत्र का विस्तार करना ।
2. मृदा गुणवत्ता के आधार पर किसानों को दिए जाने वाले ऋण की मात्रा के आकलन में बैंकों को समर्थ बनाना ।
3. कृषि भूमि में उर्वरकों के अति-उपयोग को रोकना ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

73. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | *सामान्यत: प्रयुक्त/ उपभुक्त पदार्थ* | | *उनमें पाए जाने वाले संभावित अवांछनीय अथवा विवादास्पद रसायन* |
|---|---|---|---|
| 1. | लिपस्टिक | – | सीसा |
| 2. | शीतल पेय | – | ब्रोमीनित वनस्पति तेल |
| 3. | चाइनीज़ फास्ट फूड | – | मोनोसोडियम ग्लूटामेट |

ऊपर दिए गए युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

68. Consider the following in respect of Indian Ocean Naval Symposium (IONS) :

1. Inaugural IONS was held in India in 2015 under the chairmanship of the Indian Navy.
2. IONS is a voluntary initiative that seeks to increase maritime co-operation among navies of the littoral states of the Indian Ocean Region.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

69. The painting of Bodhisattva Padmapani is one of the most famous and oft-illustrated paintings at

(a) Ajanta
(b) Badami
(c) Bagh
(d) Ellora

70. Consider the following pairs :

| | Traditions | | Communities |
|---|---|---|---|
| 1. | Chaliha Sahib Festival | – | Sindhis |
| 2. | Nanda Raj Jaat Yatra | – | Gonds |
| 3. | Wari-Warkari | – | Santhals |

Which of the pairs given above is/are correctly matched ?

(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) None of the above

71. Which of the following practices can help in water conservation in agriculture ?

1. Reduced or zero tillage of the land
2. Applying gypsum before irrigating the field
3. Allowing crop residue to remain in the field

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

72. Consider the following statements :

The nation-wide 'Soil Health Card Scheme' aims at

1. expanding the cultivable area under irrigation.
2. enabling the banks to assess the quantum of loans to be granted to farmers on the basis of soil quality.
3. checking the overuse of fertilizers in farmlands.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

73. Consider the following pairs :

| | *Commonly used / consumed materials* | | *Unwanted or controversial chemicals likely to be found in them* |
|---|---|---|---|
| 1. | Lipstick | – | Lead |
| 2. | Soft drinks | – | Brominated vegetable oils |
| 3. | Chinese fast food | – | Monosodium glutamate |

Which of the pairs given above is/are correctly matched ?

(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3



Previous Pathshala

74. कार्बनिक प्रकाश उत्सर्जी डायोड (ऑर्गेनिक लाइट एमिटिंग डायोड/OLED) का उपयोग बहुत से साधनों में अंकीय प्रदर्श (डिजिटल डिस्प्ले) सर्जित करने के लिए किया जाता है । द्रव क्रिस्टल प्रदर्शों की तुलना में OLED प्रदर्श किस प्रकार लाभकारी हैं ?

1. OLED प्रदर्श नम्य प्लास्टिक अवस्तरों पर संविरचित किए जा सकते हैं ।
2. OLED के प्रयोग से, वस्त्र में अंतःस्थापित उपरिवेल्लनीय प्रदर्श (रोल्ड-अप डिस्प्ले) बनाए जा सकते हैं ।
3. OLED के प्रयोग से, पारदर्शी प्रदर्श संभव हैं ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2
(c) 1, 2 और 3
(d) उपर्युक्त कथनों में से कोई भी सही नहीं है

75. निम्नलिखित में से कौन-सा/से सूर्य मंदिरों के लिए विख्यात है/हैं ?

1. अरसवल्ली
2. अमरकंटक
3. ओंकारेश्वर

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

76. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. लोक सभा अथवा राज्य की विधान सभा के निर्वाचन में, जीतने वाले उम्मीदवार को निर्वाचित घोषित किए जाने के लिए, किए गए मतदान का कम-से-कम 50 प्रतिशत पाना अनिवार्य है ।
2. भारत के संविधान में अधिकथित उपबंधों के अनुसार, लोक सभा में अध्यक्ष का पद बहुमत वाले दल को जाता है तथा उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को जाता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

77. निम्नलिखित में से कौन-सा/से भारत में 1991 में आर्थिक नीतियों के उदारीकरण के बाद घटित हुआ/हुए है/हैं ?

1. GDP में कृषि का अंश बृहत् रूप से बढ़ गया ।
2. विश्व व्यापार में भारत के निर्यात का अंश बढ़ गया ।
3. FDI का अंतर्वाह (इनफ्लो) बढ़ गया ।
4. भारत का विदेशी विनिमय भण्डार बृहत् रूप से बढ़ गया ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 4
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

78. कायिक कोशिका न्यूक्लीय अंतरण प्रौद्योगिकी (सोमैटिक सेल न्यूक्लियर ट्रान्सफ़र टेक्नोलॉजी) का अनुप्रयोग क्या है ?

(a) जैव-डिम्भनाशी का उत्पादन
(b) जैव-निम्नीकरणीय प्लास्टिक का निर्माण
(c) जंतुओं की जननीय क्लोनिंग
(d) रोग मुक्त जीवों का उत्पादन

74. Organic Light Emitting Diodes (OLEDs) are used to create digital display in many devices. What are the advantages of OLED displays over Liquid Crystal displays ?

1. OLED displays can be fabricated on flexible plastic substrates.
2. Roll-up displays embedded in clothing can be made using OLEDs.
3. Transparent displays are possible using OLEDs.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 3 only
(b) 2 only
(c) 1, 2 and 3
(d) None of the above statements is correct

75. Which of the following is/are famous for Sun temples ?

1. Arasavalli
2. Amarakantak
3. Omkareshwar

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

76. Consider the following statements :

1. In the election for Lok Sabha or State Assembly, the winning candidate must get at least 50 percent of the votes polled, to be declared elected.
2. According to the provisions laid down in the Constitution of India, in Lok Sabha, the Speaker's post goes to the majority party and the Deputy Speaker's to the Opposition.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

77. Which of the following has/have occurred in India after its liberalization of economic policies in 1991 ?

1. Share of agriculture in GDP increased enormously.
2. Share of India's exports in world trade increased.
3. FDI inflows increased.
4. India's foreign exchange reserves increased enormously.

Select the correct answer using the codes given below :

(a) 1 and 4 only
(b) 2, 3 and 4 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2, 3 and 4

78. What is the application of Somatic Cell Nuclear Transfer Technology ?

(a) Production of biolarvicides
(b) Manufacture of biodegradable plastics
(c) Reproductive cloning of animals
(d) Production of organisms free of diseases

79. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया/NPCI) देश में वित्तीय समावेशन के संवर्धन में सहायता करता है ।
2. NPCI ने एक कार्ड भुगतान स्कीम RuPay प्रारंभ की है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

80. 'M-STrIPES' शब्द कभी-कभी समाचारों में किस सन्दर्भ में देखा जाता है ?

(a) वन्य प्राणिजात का बद्ध प्रजनन
(b) बाघ अभयारण्यों का रख-रखाव
(c) स्वदेशी उपग्रह दिक्चालन प्रणाली
(d) राष्ट्रीय राजमार्गों की सुरक्षा

81. 'वस्तु एवं सेवा कर (गुड्स ऐंड सर्विसेज़ टैक्स/GST)' के क्रियान्वित किए जाने का/के सर्वाधिक संभावित लाभ क्या है/हैं ?

1. यह भारत में बहु-प्राधिकरणों द्वारा वसूल किए जा रहे बहुल करों का स्थान लेगा और इस प्रकार एकल बाज़ार स्थापित करेगा ।
2. यह भारत के 'चालू खाता घाटे' को प्रबलता से कम कर उसके विदेशी मुद्रा भण्डार को बढ़ाने हेतु उसे सक्षम बनाएगा ।
3. यह भारत की अर्थव्यवस्था की संवृद्धि और आकार को बृहद् रूप से बढ़ाएगा और उसे निकट भविष्य में चीन से आगे निकल जाने योग्य बनाएगा ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

82. 'व्यापक-आधारयुक्त व्यापार और निवेश करार (ब्रॉड-बेस्ड ट्रेड ऐंड इन्वेस्टमेंट ऐग्रीमेंट/BTIA)' कभी-कभी समाचारों में भारत और निम्नलिखित में से किस एक के बीच बातचीत के सन्दर्भ में दिखाई पड़ता है ?

(a) यूरोपीय संघ
(b) खाड़ी सहयोग परिषद्
(c) आर्थिक सहयोग और विकास संगठन
(d) शंघाई सहयोग संगठन

83. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत ने WTO के व्यापार सुकर बनाने के करार (TFA) का अनुसमर्थन किया है ।
2. TFA, WTO के बाली मंत्रिस्तरीय पैकेज 2013 का एक भाग है ।
3. TFA, जनवरी 2016 में प्रवृत्त हुआ ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

84. भारत द्वारा चाबहार बंदरगाह विकसित करने का क्या महत्त्व है ?

(a) अफ्रीकी देशों से भारत के व्यापार में अपार वृद्धि होगी ।
(b) तेल-उत्पादक अरब देशों से भारत के संबंध सुदृढ़ होंगे ।
(c) अफगानिस्तान और मध्य एशिया में पहुँच के लिए भारत को पाकिस्तान पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा ।
(d) पाकिस्तान, इराक और भारत के बीच गैस पाइपलाइन का संस्थापन सुकर बनाएगा और उसकी सुरक्षा करेगा ।



Previous Pathshala

79. Consider the following statements :

1. National Payments Corporation of India (NPCI) helps in promoting the financial inclusion in the country.
2. NPCI has launched RuPay, a card payment scheme.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

80. The term 'M-STrIPES' is sometimes seen in the news in the context of

(a) Captive breeding of Wild Fauna
(b) Maintenance of Tiger Reserves
(c) Indigenous Satellite Navigation System
(d) Security of National Highways

81. What is/are the most likely advantages of implementing 'Goods and Services Tax (GST)' ?

1. It will replace multiple taxes collected by multiple authorities and will thus create a single market in India.
2. It will drastically reduce the 'Current Account Deficit' of India and will enable it to increase its foreign exchange reserves.
3. It will enormously increase the growth and size of economy of India and will enable it to overtake China in the near future.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

82. 'Broad-based Trade and Investment Agreement (BTIA)' is sometimes seen in the news in the context of negotiations held between India and

(a) European Union
(b) Gulf Cooperation Council
(c) Organization for Economic Cooperation and Development
(d) Shanghai Cooperation Organization

83. Consider the following statements :

1. India has ratified the Trade Facilitation Agreement (TFA) of WTO.
2. TFA is a part of WTO's Bali Ministerial Package of 2013.
3. TFA came into force in January 2016.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

84. What is the importance of developing Chabahar Port by India ?

(a) India's trade with African countries will enormously increase.
(b) India's relations with oil-producing Arab countries will be strengthened.
(c) India will not depend on Pakistan for access to Afghanistan and Central Asia.
(d) Pakistan will facilitate and protect the installation of a gas pipeline between Iraq and India.



Previous PathShala

85. भारत में, साइबर सुरक्षा घटनाओं पर रिपोर्ट करना निम्नलिखित में से किसके/किनके लिए विधित: अधिदेशात्मक है/हैं ?

1. सेवा प्रदाता (सर्विस प्रोवाइडर)
2. डेटा सेंटर
3. कॉर्पोरेट निकाय (बॉडी कॉर्पोरेट)

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

86. भारत में मताधिकार और निर्वाचित होने का अधिकार

(a) मूल अधिकार है
(b) नैसर्गिक अधिकार है
(c) संवैधानिक अधिकार है
(d) विधिक अधिकार है

87. 'विकसित लेज़र व्यतिकरणमापी अंतरिक्ष ऐन्टेना (इवॉल्वड लेज़र इन्टरफेरोमीटर स्पेस ऐन्टेना/eLISA)' परियोजना का क्या प्रयोजन है ?

(a) न्यूट्रिनों का संसूचन करना
(b) गुरुत्वीय तरंगों का संसूचन करना
(c) प्रक्षेपणास्त्र रक्षा प्रणाली की प्रभावकारिता का संसूचन करना
(d) हमारी संचार प्रणालियों पर सौर प्रज्वाल (सोलर फ्लेयर) के प्रभाव का अध्ययन करना

88. 'विद्यांजलि योजना' का क्या प्रयोजन है ?

1. प्रसिद्ध विदेशी शिक्षण संस्थाओं को भारत में अपने कैम्पस खोलने में सहायता करना ।
2. निजी क्षेत्र और समुदाय की सहायता लेकर सरकारी विद्यालयों में दी जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना ।
3. प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों की आधारिक संरचना सुविधाओं के संवर्धन के लिए निजी व्यक्तियों और संगठनों से ऐच्छिक वित्तीय योगदान को प्रोत्साहित करना ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 2
(b) केवल 3
(c) केवल 1 और 2
(d) केवल 2 और 3

89. 'उन्नत भारत अभियान' कार्यक्रम का ध्येय क्या है ?

(a) स्वैच्छिक संगठनों और सरकारी शिक्षा तंत्र तथा स्थानीय समुदायों के बीच सहयोग का प्रोन्नयन कर 100% साक्षरता प्राप्त करना ।
(b) उच्च शिक्षा संस्थाओं को स्थानीय समुदायों से जोड़ना जिससे समुचित प्रौद्योगिकी के माध्यम से विकास की चुनौतियों का सामना किया जा सके ।
(c) भारत को वैज्ञानिक और प्रौद्योगिक शक्ति बनाने के लिए भारत की वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थाओं को सशक्त करना ।
(d) ग्रामीण और नगरीय निर्धन व्यक्तियों के स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा के लिए विशेष निधियों का विनिधान कर मानव पूँजी विकसित करना और उनके लिए कौशल विकास कार्यक्रम तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण आयोजित करना ।

Previous Pathshala

85. In India, it is legally mandatory for which of the following to report on cyber security incidents ?

1. Service providers
2. Data centres
3. Body corporate

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 1 and 2 only
(c) 3 only
(d) 1, 2 and 3

86. Right to vote and to be elected in India is a

(a) Fundamental Right
(b) Natural Right
(c) Constitutional Right
(d) Legal Right

87. What is the purpose of 'evolved Laser Interferometer Space Antenna (eLISA)' project ?

(a) To detect neutrinos
(b) To detect gravitational waves
(c) To detect the effectiveness of missile defence system
(d) To study the effect of solar flares on our communication systems

88. What is the purpose of 'Vidyanjali Yojana' ?

1. To enable the famous foreign educational institutions to open their campuses in India.
2. To increase the quality of education provided in government schools by taking help from the private sector and the community.
3. To encourage voluntary monetary contributions from private individuals and organizations so as to improve the infrastructure facilities for primary and secondary schools.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 2 only
(b) 3 only
(c) 1 and 2 only
(d) 2 and 3 only

89. What is the aim of the programme 'Unnat Bharat Abhiyan' ?

(a) Achieving 100% literacy by promoting collaboration between voluntary organizations and government's education system and local communities.
(b) Connecting institutions of higher education with local communities to address development challenges through appropriate technologies.
(c) Strengthening India's scientific research institutions in order to make India a scientific and technological power.
(d) Developing human capital by allocating special funds for health care and education of rural and urban poor, and organizing skill development programmes and vocational training for them.



Previous Pathshala

90. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत का निर्वाचन आयोग पाँच-सदस्यीय निकाय है ।
2. संघ का गृह मंत्रालय, आम चुनाव और उप-चुनावों दोनों के लिए चुनाव कार्यक्रम तय करता है ।
3. निर्वाचन आयोग मान्यता-प्राप्त राजनीतिक दलों के विभाजन/विलय से संबंधित विवाद निपटाता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) केवल 3

91. भारत में, यदि कछुए की एक जाति को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची I के अन्तर्गत संरक्षित घोषित किया गया हो, तो इसका निहितार्थ क्या है ?

(a) इसे संरक्षण का वही स्तर प्राप्त है जैसा कि बाघ को ।
(b) इसका अब वन्य क्षेत्रों में अस्तित्व समाप्त हो गया है, कुछ प्राणी बंदी संरक्षण के अन्तर्गत हैं; और अब इसके विलोपन को रोकना असंभव है ।
(c) यह भारत के एक विशेष क्षेत्र में स्थानिक है ।
(d) इस सन्दर्भ में उपर्युक्त (b) और (c) दोनों सही हैं ।

92. भारत में, न्यायिक पुनरीक्षण का अर्थ है

(a) विधियों और कार्यपालिक आदेशों की सांविधानिकता के विषय में प्राख्यापन करने का न्यायपालिका का अधिकार ।
(b) विधानमण्डलों द्वारा निर्मित विधियों के प्रज्ञान को प्रश्नगत करने का न्यायपालिका का अधिकार ।
(c) न्यायपालिका का, सभी विधायी अधिनियमनों के, राष्ट्रपति द्वारा उन पर सहमति प्रदान किए जाने के पूर्व, पुनरीक्षण का अधिकार ।
(d) न्यायपालिका का, समान या भिन्न वादों में पूर्व में दिए गए स्वयं के निर्णयों के पुनरीक्षण का अधिकार ।

93. भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष के संबंध में, निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए :

1. रॉयल इंडियन नेवी में गदर
2. भारत छोड़ो आंदोलन का प्रारंभ
3. द्वितीय गोल मेज़ सम्मेलन

उपर्युक्त घटनाओं का सही कालानुक्रम क्या है ?

(a) 1-2-3
(b) 2-1-3
(c) 3-2-1
(d) 3-1-2

94. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. पिछले दशक में भारत के GDP के प्रतिशत के रूप में कर-राजस्व में सतत वृद्धि हुई है ।
2. पिछले दशक में भारत के GDP के प्रतिशत के रूप में राजकोषीय घाटे में सतत वृद्धि हुई है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**90.** Consider the following statements :

1. The Election Commission of India is a five-member body.
2. Union Ministry of Home Affairs decides the election schedule for the conduct of both general elections and bye-elections.
3. Election Commission resolves the disputes relating to splits/mergers of recognised political parties.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 2 only
(c) 2 and 3 only
(d) 3 only

**91.** In India, if a species of tortoise is declared protected under Schedule I of the Wildlife (Protection) Act, 1972, what does it imply ?

(a) It enjoys the same level of protection as the tiger.
(b) It no longer exists in the wild, a few individuals are under captive protection; and now it is impossible to prevent its extinction.
(c) It is endemic to a particular region of India.
(d) Both (b) and (c) stated above are correct in this context.

**92.** In India, Judicial Review implies

(a) the power of the Judiciary to pronounce upon the constitutionality of laws and executive orders.
(b) the power of the Judiciary to question the wisdom of the laws enacted by the Legislatures.
(c) the power of the Judiciary to review all the legislative enactments before they are assented to by the President.
(d) the power of the Judiciary to review its own judgements given earlier in similar or different cases.

**93.** With reference to Indian freedom struggle, consider the following events :

1. Mutiny in Royal Indian Navy
2. Quit India Movement launched
3. Second Round Table Conference

What is the correct chronological sequence of the above events ?

(a) 1-2-3
(b) 2-1-3
(c) 3-2-1
(d) 3-1-2

**94.** Consider the following statements :

1. Tax revenue as a percent of GDP of India has steadily increased in the last decade.
2. Fiscal deficit as a percent of GDP of India has steadily increased in the last decade.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2



Previous Pathshala

95. हाल ही में, कुछ शेरों को गुजरात के उनके प्राकृतिक आवास से निम्नलिखित में से किस एक स्थल पर स्थानांतरित किए जाने का प्रस्ताव था ?

(a) कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान

(b) कुनो पालपुर वन्यजीव अभयारण्य

(c) मुदुमलाई वन्यजीव अभयारण्य

(d) सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान

96. किसी राज्य में राष्ट्रपति शासन की उद्घोषणा के निम्नलिखित में से कौन-से परिणामों का होना आवश्यक ***नहीं*** है ?

1. राज्य विधान सभा का विघटन
2. राज्य के मंत्रिपरिषद् का हटाया जाना
3. स्थानीय निकायों का विघटन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

97. भारत के संविधान में शोषण के विरुद्ध अधिकार द्वारा निम्नलिखित में से कौन-से परिकल्पित हैं ?

1. मानव देह व्यापार और बंधुआ मज़दूरी (बेगारी) का निषेध
2. अस्पृश्यता का उन्मूलन
3. अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा
4. कारखानों और खदानों में बच्चों के नियोजन का निषेध

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1, 2 और 4

(b) केवल 2, 3 और 4

(c) केवल 1 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

98. निम्नलिखित में से कौन-सा भौगोलिक रूप से ग्रेट निकोबार के सबसे निकट है ?

(a) सुमात्रा

(b) बोर्नियो

(c) जावा

(d) श्री लंका

99. निम्नलिखित कथनों में से उस एक को चुनिए, जो मंत्रिमण्डल स्वरूप की सरकार के अन्तर्निहित सिद्धान्त को अभिव्यक्त करता है :

(a) ऐसी सरकार के विरुद्ध आलोचना को कम-से-कम करने की व्यवस्था, जिसके उत्तरदायित्व जटिल हैं तथा उन्हें सभी के संतोष के लिए निष्पादित करना कठिन है ।

(b) ऐसी सरकार के कामकाज में तेज़ी लाने की क्रियाविधि, जिसके उत्तरदायित्व दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं ।

(c) सरकार के जनता के प्रति सामूहिक उत्तरदायित्व को सुनिश्चित करने के लिए संसदीय लोकतंत्र की एक क्रियाविधि ।

(d) उस शासनाध्यक्ष के हाथों को मज़बूत करने का एक साधन जिसका जनता पर नियंत्रण ह्रासोन्मुख दशा में है ।

100. निम्नलिखित में से कौन-सी एक भारतीय संघराज्य पद्धति की विशेषता ***नहीं*** है ?

(a) भारत में स्वतन्त्र न्यायपालिका है ।

(b) केंद्र और राज्यों के बीच शक्तियों का स्पष्ट विभाजन किया गया है ।

(c) संघबद्ध होने वाली इकाइयों को राज्य सभा में असमान प्रतिनिधित्व दिया गया है ।

(d) यह संघबद्ध होने वाली इकाइयों के बीच एक सहमति का परिणाम है ।



Previous Pathshala

95. Recently there was a proposal to translocate some of the lions from their natural habitat in Gujarat to which one of the following sites ?

(a) Corbett National Park

(b) Kuno Palpur Wildlife Sanctuary

(c) Mudumalai Wildlife Sanctuary

(d) Sariska National Park

96. Which of the following are ***not*** necessarily the consequences of the proclamation of the President's rule in a State ?

1. Dissolution of the State Legislative Assembly

2. Removal of the Council of Ministers in the State

3. Dissolution of the local bodies

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

97. Which of the following are envisaged by the Right against Exploitation in the Constitution of India ?

1. Prohibition of traffic in human beings and forced labour

2. Abolition of untouchability

3. Protection of the interests of minorities

4. Prohibition of employment of children in factories and mines

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 4 only

(b) 2, 3 and 4 only

(c) 1 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

98. Which of the following is geographically closest to Great Nicobar ?

(a) Sumatra

(b) Borneo

(c) Java

(d) Sri Lanka

99. Out of the following statements, choose the one that brings out the principle underlying the Cabinet form of Government :

(a) An arrangement for minimizing the criticism against the Government whose responsibilities are complex and hard to carry out to the satisfaction of all.

(b) A mechanism for speeding up the activities of the Government whose responsibilities are increasing day by day.

(c) A mechanism of parliamentary democracy for ensuring collective responsibility of the Government to the people.

(d) A device for strengthening the hands of the head of the Government whose hold over the people is in a state of decline.

100. Which one of the following is ***not*** a feature of Indian federalism ?

(a) There is an independent judiciary in India.

(b) Powers have been clearly divided between the Centre and the States.

(c) The federating units have been given unequal representation in the Rajya Sabha.

(d) It is the result of an agreement among the federating units.

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Examination: | | CS(P) EXAM- 2017 | | | | | | | | | | | |
| Series: A | | | Subject | | GS PAPER-I | | | | | | | | |
| Max. marks | | 200 | No. of Items dropped: | | | NIL | | | | | | | |
| Items to be taken for scoring: | | | | | 100 | | | | | | | | |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | D | 16 | B | 31 | C | 46 | C | 61 | B | 76 | D | 91 | A |
| 2 | C | 17 | D | 32 | A | 47 | A | 62 | D | 77 | B | 92 | A |
| 3 | A | 18 | C | 33 | C | 48 | A | 63 | D | 78 | C | 93 | C |
| 4 | A | 19 | C | 34 | C | 49 | B | 64 | B | 79 | C | 94 | D |
| 5 | A | 20 | B | 35 | D | 50 | D | 65 | B | 80 | B | 95 | B |
| 6 | B | 21 | C | 36 | D | 51 | B | 66 | B | 81 | A | 96 | B |
| 7 | B | 22 | B | 37 | B | 52 | A | 67 | B | 82 | A | 97 | C |
| 8 | C | 23 | A | 38 | B | 53 | B | 68 | B | 83 | A | 98 | A |
| 9 | A | 24 | B | 39 | C | 54 | C | 69 | A | 84 | C | 99 | C |
| 10 | B | 25 | D | 40 | A | 55 | D | 70 | A | 85 | D | 100 | D |
| 11 | A | 26 | D | 41 | D | 56 | B | 71 | C | 86 | C | | |
| 12 | B | 27 | A | 42 | A | 57 | C | 72 | B | 87 | B | | |
| 13 | C | 28 | D | 43 | A | 58 | B | 73 | D | 88 | A | | |
| 14 | C | 29 | C | 44 | A | 59 | C | 74 | C | 89 | B | | |
| 15 | D | 30 | B | 45 | D | 60 | B | 75 | A | 90 | D | | |

Previous Pathshala